प्रधानमंत्री ने 'सेमीकॉन इंडिया-2026' को संबोधित किया, कहा-सेमीकंडक्टर हब बनने की दिशा में बढ़ रहे

चिप उत्पादन में भारत की छलांग : मोदी

सफलता

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत ने समिति समय में नीतियों और परियोजनाओं से आगे बढ़कर वाणिज्यिक उत्पादन शुरू कर दिया है। भारत ने सेमीकंडक्टर मिशन के दूसरे चरण की शुरुआत की है, जिससे इसका आकार बढ़ाकर 13.5 अरब डॉलर किया गया है।

मोदी ने कहा कि भारत सेमीकंडक्टर हब बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। गुरुवार को 'सेमीकॉन इंडिया-2026' के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 2022 में जब मिशन की शुरुआत हुई थी, तब नीतियों पर चर्चा होती थी। इसके बाद परियोजनाओं, कारखानों की आधारशिला, पायलट लाइन और टेस्ट चिप से होते हुए अब भारत में व्यावसायिक स्तर पर चिप का उत्पादन शुरू हो गया है। मोहाली और सूरत में दो संयंत्रों में वाणिज्यिक उत्पादन शुरू हुआ है। भारत ने चिप डिजाइन, विनिर्माण, उपकरण, कच्चे माल और परीक्षण जैसी पूरी शृंखला पर एक साथ काम किया है। मोदी ने अवसरों का लाभ उठाने की अपील की।

बिजली की बढ़ती जरूरत पर भी ध्यान : सेमीकंडक्टर संयंत्रों के लिए समय पर पर्याप्त बिजली उपलब्धता को जरूरी बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत बिजली क्षेत्र में बड़े स्तर पर निवेश कर रहा है। बीते एक दशक में भारत की स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता करीब दो गीगावाट से बढ़कर 160 गीगावाट से अधिक हो गई है। परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में भी तेजी से काम हो रहा है। वहीं, प्रधानमंत्री ने एआई के विस्तार के बीच सेमीकंडक्टर उद्योग के सामने उभरती चुनौतियों का उल्लेख किया।

पांच सेमीकंडक्टर इकाइयों में उत्पादन शुरू : इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने गुरुवार को कहा कि 2026 भारत के सेमीकंडक्टर निर्माण क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण वर्ष बनकर उभरा है। देश में पांच सेमीकंडक्टर इकाइयां बनकर तैयार हो चुकी हैं और इनमें उत्पादन शुरू हो गया है। कृष्णन ने कहा कि सेमीकॉन 2.0 का लक्ष्य देश में सेमीकंडक्टर का व्यापक इकोसिस्टम विकसित करना है।


नई दिल्ली में गुरुवार को सेमीकॉन इंडिया–2026 कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोगों का अभिवादन करते हुए। ● पीटीआई

एक लाख इंजीनियरों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी ताकत उसका युवा और कुशल मानव संसाधन है। देश में हजारों इंजीनियरिंग कॉलेज हैं और हर साल लाखों इंजीनियर तैयार होते हैं। सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए एक लाख इंजीनियरिंग छात्रों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें से 70 हजार से अधिक युवाओं को अब तक प्रशिक्षण दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि भारत में मौजूद इतना बड़ा प्रतिभाशाली युवा वर्ग सेमीकंडक्टर कंपनियों के लिए महत्वपूर्ण ताकत है। प्रधानमंत्री ने भारत और विदेशों में शोध कर रहे युवाओं से उन्नत प्रौद्योगिकी के विकास में भारत से जुड़ने की अपील की।

पश्चिम बंगाल में अन्नपूर्णा योजना के तहत किस्त जारी

नई दिल्ली/कोलकाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में 'अन्नपूर्णा योजना' की लाभार्थी महिलाओं के खातों में सितंबर की किस्त जारी की। कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पात्र महिला अन्नपूर्णा योजना के लाभ से वंचित नहीं रहेंगी।

अरबों डॉलर निवेश के प्रस्ताव मिल रहे : वैष्णव

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार को सेमीकॉन 2.0 योजना के तहत करीब 11–12 अरब डॉलर के निवेश प्रस्ताव मिल रहे हैं। वहीं, उन्होंने कहा कि एआई के कई फायदे हैं, लेकिन इसके साथ कई जोखिम भी जुड़े हैं। सरकार एआई और ऑनलाइन नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उचित नियामक व्यवस्था तैयार करने पर काम कर रही है।

टाटा 16 समझौतों पर करार करेगी

नई दिल्ली। टाटा इलेक्ट्रॉनिसेस यूरोप, जापान, सिंगापुर और भारत की कंपनियों के साथ सेमीकॉन इंडिया सम्मेलन में 16 समझौतों पर हस्ताक्षर करेगी। कंपनी के सीईओ रणधीर ठाकुर ने यह जानकारी दी। वहीं, कंपनी 'एलाइड मैटेरियल्स' से भारत में अगले 10 वर्षों में 5 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की निवेश करने की घोषणा की है। फ्रांस की एक कंपनी भी निवेश की तैयारी कर रही है।

शाह बोले- प्रधानमंत्री ने भारत की तकदीर बदली


केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को गुजरात के वडनगर में 'सेवा संकल्प अभियान' शुरू किया। इस दौरान महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी मौजूद रहे। ● एजेंसी

नई दिल्ली/वडनगर, एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 साल को भारत की तकदीर बदलने वाली अवधि के तौर पर देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस समय में गरीबों के कल्याण के साथ भारत की समृद्धि और तरक्की की मजबूत नींव रखी गई।

शाह पीएम मोदी की जन्मभूमि वडनगर में 'सेवा संकल्प अभियान' के उद्घाटन और वडनगर से वाराणसी तक बाइक रैली को हरी झंडी दिखाने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में बीते 25 साल में देश हर मामले में सुरक्षित हुआ है। इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में भारत को ग्लोबल लीडर बनाने की प्रक्रिया शुरू की। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने गुजरात को देश-दुनिया में विकसित राज्य की पहचान दिलाई। प्रधानमंत्री के तौर पर उनका 12 साल का कार्यकाल देश के 80 करोड़ गरीब लोगों के लिए सुनहरे दौर के तौर पर जाना जाएगा।

विदेश मंत्री जयशंकर ने भूटान में दीया जलाया

थिम्पू। विदेश मंत्री एस जयशंकर और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे गुरुवार को थिम्पू के मशहूर ताशीछो जोंग में भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक की मौजूदगी में 'आशीर्वाद का दीया' जलाने के कार्यक्रम में शामिल हुए। इससे पहले जयशंकर और शेरिंग तोबगे ने भारत आने वाले भूटान के नागरिकों के लिए यूपीआई के दूसरे चरण की शुरुआत की। इससे दोनों देशों के बीच यूपीआई कनेक्टिविटी पूरी हो गई है।

विदेश से बधाई

पीएम मोदी को जन्मदिन की बधाई। भारत–रूस की रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने में आपके योगदान को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।
-व्लादीमीर पुतिन, राष्ट्रपति, रूस

प्रधानमंत्री मोदी को शुभकामनाएं। आपने भारत को वैश्विक शक्ति बनाया है। इजरायल संग दोस्ती इससे पहले इतनी मजबूत नहीं रही।
-बेंजामिन नेतन्याहू, प्रधानमंत्री, इजरायल

मेरे दोस्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ढेर सारी शुभकामनाएं। मैं उनकी अच्छी सेहत, ऊर्जा और सफलता की कामना करती हूं।
-जॉर्जिया मेलोनी, प्रधानमंत्री, इटली

कॉमनवेल्थ ऑफ डोमिनिका की सरकार और नागरिकों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई। आने वाले साल देश के लिए और शक्ति लाएं।
-रूजवेल्ट स्केरिट, पीएम, डोमिनिका

मैं आपके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं। श्रीलंका के प्रति आपके स्नेह और प्रयासों का हमारी अटूट दोस्ती के लिए बहुत महत्व है।
-साजिन प्रेमदासा, नेता विपक्ष, श्रीलंका

मोदी को भूटान की ओर से बहुत बधाई। हमें उम्मीद है कि भारत–भूटान के बीच लंबे समय से चली आ रही दोस्ती और गहरी होती जाएगी। - भूटान दूतावास, भारत

हम मोदी के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हैं। नेपाल और भारत के बीच घनिष्ठ मित्रता और हमारे लोगों के बीच के संबंध और गहरे हों। -नेपाल दूतावास, भारत

लोगों के जीवन में समृद्धि लाए : योगी



लखनऊ, वि.सं.। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट की।

उन्होंने लिखा कि 145 करोड़ भारतीयों के जीवन में सुख, समृद्धि, सुरक्षा एवं स्वाभिमान का नवप्रभात लाने के लिए अविराम राष्ट्रयज्ञ में समर्पित, विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय राजनेता, 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के स्वप्नद्रष्टा, 'नए भारत के शिल्पी' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। प्रधानमंत्री का समर्पित जीवन विकसित भारत के ध्येय को साकार करने का प्रेरणास्रोत है।

राजनाथ ने कहा, पीएम ने अभी आधी ही पारी खेली

वाराणसी, वि.सं./ एजेंसी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमने देश की पहली सेमीकंडक्टर चिप बना ली है। मोदी ने देश-दुनिया को 'टेक्नोलॉजी, ट्रेड और ट्रेडिशन' दिया है।

रक्षा मंत्री ने कहा, मोदी के 25 वर्षों के संघर्षों की देन है कि आज भारत बोलता है तो पूरी दुनिया सुनती है। रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 25 साल से लगातार देशसेवा कर रहे हैं, लेकिन यह उनकी आधी ही पारी है। अभी आने वाले दशकों तक वह इसी तरह देश के लिए अपनी जिम्मेदारी निभाते रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सिगरा स्थित कन्वेंशन सेंटर 'रुद्राक्ष' में आयोजित सेवा संकल्प अभियान समारोह में पहुंचे राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री को 76वें जन्मदिन की बधाई दी।


रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की बधाई दी

विश्वनाथ धाम में दर्शन करने पहुंचे : रुद्राक्ष के कार्यक्रम के पूर्व रक्षा मंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के साथ काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन किया। विश्वनाथ धाम परिसर में लड्डुओं से बना केक काटकर श्रद्धालुओं के बीच वितरित भी किया।

पांच सितारों ने भी बधाई दी : शाहरुख खान, अजय देवगन से लेकर अक्षय कुमार और कमल हासन से लेकर मोहनलाल तक, फिल्म जगत की हस्तियों ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की बधाई दी और उनके अच्छे स्वास्थ्य और मजबूती की कामना की। वहीं, बंगाल चुनाव के दौरान झारग्राम में मोदी को झालमुड़ी खिलाने वाले विक्रम कुमार साहू ने ग्राहकों को ज्यादा झालमुड़ी दी।

कार्यक्रमों से भाजपा ने कई मोर्चे साधे

रणनीति

- सात राज्यों के चुनाव के साथ युवाओं, महिलाओं पर खास नजर

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए एक साथ कई राजनीतिक मोर्चे संभाल रही है। इनमें अगले साल होने वाले सात राज्यों के चुनाव तो शामिल हैं ही, साथ ही देशभर में युवाओं और महिलाओं को पार्टी के साथ मजबूती से जोड़ने का लक्ष्य भी शामिल है।

पार्टी वाराणसी से वडनगर और वडनगर से वाराणसी तक यात्राओं के जरिए चुनाव वाले गुजरात व उत्तर प्रदेश को तो मथेगी ही, मार्ग में पड़ने वाले और उसके आसपास की 200 से ज्यादा लोकसभा सीटों तक भी व्यापक पहुंच बनाएगी। देश की राजनीति में चुनाव एक सतत चलने वाली प्रक्रिया है। ऐसे में राजनीतिक दलों को हर साल अलग अलग राज्यों में कही न कहीं चुनाव मैदान में उतरना ही पड़ता है। भाजपा एक चुनाव खत्म होने के पहले ही दूसरे राज्य के लिए तैयारी में जुट जाती है और उसकी तैयारियां काफी पहले शुरू हो जाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा हर साल सेवा संकल्प अभियान चलाती है। कभी सेवा सप्ताह, कभी सेवा पखवाड़ा और इस बार महीने भर का कार्यक्रम बनाया गया है।

इस बार सेवा संकल्प अभियान का एक अहम पहलू प्रधानमंत्री की जन्मभूमि गुजरात के वडनगर से कर्मभूमि उत्तर प्रदेश के वाराणसी के लिए दोनों तरफ से निकाली जानी वाली यात्राएं हैं। पार्टी का युवा मोर्चा इसकी कमान संभाल रहा है। दोनों तरफ से यह यात्राएं 10-10 अलग अलग रास्तों से आगे बढ़ेंगी और उत्तर प्रदेश व गुजरात के अधिकतर क्षेत्रों तक पहुंचेंगी। साथ ही वहां राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र व छत्तीसगढ़ से भी गुजरेंगी। इन रास्तों से इनकी पहुंच दो सौ से ज्यादा लोकसभा क्षेत्रों तक हो सकेगी।

युवा मोर्चा इन यात्राओं में अपना अधिकांश फोकस युवा वर्ग पर रख रहा है। हाल के दिनों में जेन-जी की सक्रियता को देखते हुए मोर्चा इस वर्ग के ग्रामीण व छोटे व मध्यम दर्जे वाले शहरों से इस युवा वर्ग को अपने साथ जोड़ने की कोशिश करेगा। साथ ही पार्टी महिलाओं में विभिन्न लाभार्थी योजनाओं के जरिए खुद को मजबूत करने पर जोर देगी। पार्टी के एक प्रमुख नेता ने कहा कि पूरे अभियान के केंद्र में सेवा का भाव है और उसके जरिए समाज को साथ लेकर सेवा कार्यों के लिए जनजागरूकता लाने की कोशिश की जाएगी।

उज्जैन में 33 लाख दीयों का रिकॉर्ड बना

उज्जैन/पटना, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर क्षिप्रा नदी के किनारे 33.2 लाख दीये प्रज्ज्वलित कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया। वहीं, पूरे मध्य प्रदेश में 3.5 करोड़ से अधिक दीये प्रज्ज्वलित किए गए।

उज्जैन में क्षिप्रा नदी के तट पर आयोजित 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, मुख्यमंत्री मोहन यादव, राज्य भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सहित वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

जेपी गंगा पथ दीयों की रोशनी से जगमगाया : पटना में गुरुवार को जेपी गंगा पथ हजारों दीयों की रोशनी से जगमग नजर आया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दीघा घाट पर आयोजित दीपोत्सव में एक दीया आशीर्वाद के नाम जलाया। वहीं, रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

राष्ट्रपति समेत नेताओं ने मोदी को शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर गुरुवार को राष्ट्रपति समेत नेताओं-अभिनेताओं ने उन्हें ढेरों शुभकामनाएं दी हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रधानमंत्री की दीर्घायु की कामना की है। वहीं, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, नेता विपक्ष राहुल गांधी, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, किरेन रिजिजू, जेपी नड्डा, चिराग पासवान, जद (यू) प्रमुख नीतीश कुमार, पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा, भाजपा की राष्ट्रीय महासचिव स्मृति ईरानी, भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी, आंध्र प्रदेश के सीएम एन. चंद्रबाबू नायडू, डीएमके अध्यक्ष एमके स्टालिन ने भी पीएम को बधाई दी है।

इनके अलावा तमिलनाडु के मुख्यमंत्री जोसेफ विजय, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, बसपा सुप्रीमो मायावती, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुभकामनाएं दीं।

आशीर्वाद के लिए आभार

प्रधानमंत्री ने अपने जन्मदिन के अवसर पर नागरिकों, देश-विदेश के नेताओं, शुभचिंतकों से मिले स्नेह के लिए उनका आभार जताया है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि कुछ भाव बहुत खास होते हैं और हृदय को गहराई से छू जाते हैं।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन
Employees' Provident Fund Organization
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
(Ministry of Labour & Employment, Government of India)
क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली (उत्तर)
Regional Office, Delhi (North)
भविष्य निधि भवन, 28, सामुदायिक केन्द्र, वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली- 110052
Bhavishya Nidhi Bhawan, 28, Community Centre, Wazirpur Industrial Area, Delhi-110052
दूरभाष/Telephone: 011 27376392, फैक्स: Fax: 011 27376777,
E-mail: ro.delhi.north@epfindia.gov.in

Ref: E/RO/DL (N)/DL/1366288/Comp-VII/2026-27/436 Dated: 16.09.2026

सार्वजनिक नोटिस

एतद् द्वारा सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम 1952 की धारा 14 बी के तहत हर्जाने वसूलने के लिए निम्नलिखित प्रतिष्ठान के विरुद्ध जांच प्रक्रियाधीन है:-

S. No.	Establishment Code	Name of Establishment with Address	Period of Inquiry	Next Date of Hearing	Competent Authority
1.	DLCPM1366288000	M/s Gracious Express, 8584, Arakashan Road, Paharganj, New Delhi-110055 & 8584, UG2, Ram Nagar, Paharganj, New Delhi-110055	From 01.06.2019 to 30.04.2024	22.09.2026	Regional P.F. Commissioner-II, Compliance-VII Regional Office, Delhi (North)

सुनवाई के पर्याप्त अवसर दिए जाने के बावजूद, संबंधित प्रतिष्ठान या उसका प्रतिनिधि न्यायिक कार्यवाही के दिन उपस्थित नहीं हुआ। हालांकि, प्रतिष्ठान को उपर्युक्त अगली सुनवाई तिथि पर या उससे पहले अपना पक्ष रखने का अंतिम अवसर दिया जा रहा है। यह भी सूचित किया जाता है कि उक्त प्रतिष्ठान पर कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम 1952 की धारा 7 क्यू के तहत उल्लिखित अवधि के लिए ब्याज लगाने का आदेश भी दिया जाना है।

यदि उपर्युक्त सुनवाई की तिथि पर प्रतिष्ठान/जिम्मेदार व्यक्ति/प्रतिनिधि उपस्थित नहीं होते हैं या कोई सूचना प्राप्त नहीं होती है, तो उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर निर्णय लिया जाएगा।

हस्ता./-
कुमार शिलादित्य
क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त द्वितीय

सीएसआईआर-परंपरागत ज्ञान डिजिटल पुस्तकालय इकाई
(सीएसआईआर-टीकेडीएल इकाई)
14, सत्संग विहार मार्ग, नई दिल्ली-110067
दूरभाष: 011-26851136, ई-मेल: admin.tkdl@csir.res.in

दिनांक : 03.09.2026

विज्ञापन सं.: TKDL/06/2026

सीएसआईआर-परंपरागत ज्ञान डिजिटल पुस्तकालय (सीएसआईआर-टीकेडीएल) इकाई, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की एक इकाई है तथा जो वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय) के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय है।

सीएसआईआर-परंपरागत ज्ञान डिजिटल पुस्तकालय (सीएसआईआर-टीकेडीएल) इकाई द्वारा पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, जो इकाई में क्रियान्वित परियोजना (ओं), "खनिज, धातु, सामग्री एवं संबद्ध क्षेत्रों से संबंधित भारतीय परंपरागत प्रथाओं का डिजिटलीकरण" (HCP522403) तथा "भारत की परंपरागत कृषि प्रथाओं का डिजिटलीकरण" (HCP522401) के अंतर्गत परियोजना कार्मिक के रूप में संलग्नता हेतु आवश्यक शैक्षणिक अर्हताएं पूरी करते हों। यह संलग्नता पूर्णतः अस्थायी, समयबद्ध एवं संविदा आधार पर है। संलग्नता अधिकतम 31 मार्च 2027 तक अर्थात परियोजना अवधि के साथ सह-समाप्त होगी। परियोजना गतिविधियों का स्थान नई दिल्ली है। पद कोड, पद का नाम, क्षेत्र, पद (पदों) की संख्या एवं पात्रता का विवरण निम्नानुसार है:

पद कोड	पद का नाम एवं क्षेत्र	पद (पदों) की संख्या	रिपोर्टिंग तिथि एवं समय
TKM01	वरिष्ठ परियोजना सहयोगी-I (एसपीए-) संस्कृत	01	24 सितंबर 2026, सुबह 9:30 बजे से 10:30 बजे तक
TKM02	परियोजना सहयोगी-I (पीएटी-I) धातुकर्म	02	24 सितंबर 2026, सुबह 9:30 बजे से 10:30 बजे तक
TKA01	परियोजना सहयोगी-I (पीएटी-I) - कृषि	01	25 सितंबर 2026, सुबह 9:30 बजे से 10:30 बजे तक
TKA02	परियोजना सहयोगी-I (पीएटी-I) - पेटेंट	01	25 सितंबर 2026, सुबह 9:30 बजे से 10:30 बजे तक

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि: 23 सितंबर 2026

निर्धारित योग्यता एवं अनुभव पूरा करने वाले अभ्यर्थी www.csir.res.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत विज्ञापन सीएसआईआर की आधिकारिक वेबसाइट www.csir.res.in पर उपलब्ध है।

सीबीसी 36202/11/0017/2627 उप सचिव (टीकेडीएल)

पंजाब नैशनल बैंक धरोसे का प्रतीक
punjab national bank ...the name you can BANK upon!
(A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)

आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा दक्षिण दिल्ली
4वां तल, 7, भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली–110066 ईमेल: cs4168@pnb.bank.in

अचल सम्पत्तियों की ई–नीलामी हेतु बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई –नीलामी विक्रय नोटिस.
आम जनता को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) एवं गारंटर(ओं) को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि सुरक्षित लेनदार के पास बंधक / प्रभारित नीचे वर्णित अचल संपत्तियां, जिनका रचनात्मक / भौतिक / सांकेतिक कब्जा बैंक / सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, की बिक्री नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि को **"जहाँ है जैसा है", "जो है जैसा है"**, तथा **"जो कुछ भी वहाँ है"** के आधार पर संबंधित उधारकर्ता(ओं) एवं गारंटर(ओं) से बैंक / सुरक्षित लेनदार के बकाये की वसूली के लिए की जाएगी। आरक्षित मूल्य एवं बयाना राशि (ईएमडी) संबंधित संपत्तियों के सामने नीचे दी गई तालिका में दर्शाई गई है।

प्रत्यभूत परिसम्पत्तियों की बिक्री की अनुसूची

क्र. सं.	शाखा का नाम: / खाते का नाम: / उधारकर्ता / गारंटर / खाते का नाम और पता:	बंधक रखी गई अचल संपत्ति का विवरण / मालिक का नाम (संपत्तियों का बंधककर्ता)	(E) सरफासी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत मांग सूचना की तिथि (F) एनपीए की तिथि तक बकाया राशि (G) सरफासी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के अंतर्गत कब्जा की तिथि (H) कब्जा की स्थिति सांकेतिक / भौतिक / रचनात्मक	(A) आरक्षित मूल्य / (B) ईएमडी / (C) बोली वृद्धि राशि	नीलामी की तिथि एवं समय	सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात एन्कम्ब्रेन्स का विवरण	प्राधिकृत अधिकारी का नाम एवं नं.
1.	**शाखा : MCB वाराखंबा रोड (419600) और अन एआरएमसी साउथ दिल्ली मीकाजी कामा प्लेस में हैंडल किया जा रहा है।** **मैसर्स एलरॉय सुपरकार्स प्राइवेट लिमिटेड (419600870002306)** **पता : मैसर्स एलरॉय सुपरकार्स प्राइवेट लिमिटेड**, 9–ए, शिवाजी मार्ग, मोती नगर, नजफगढ़ रोड इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली – 110015 **साथ ही : ई**–13, भूतल, क्रिश्चन कॉलोनी, नई दिल्ली – 110024 **साथ ही : श्री अंकित यादव**, 11, मौलसरी एवेन्यू, वेस्टएंड ग्रीन्स, राजोकरी, नई दिल्ली – 110038 **साथ ही : श्री पीरेन्द्र यादव एवं सुश्री ममता यादव**, 11, मौलसरी एवेन्यू, वेस्टएंड ग्रीन्स, राजोकरी, नई दिल्ली – 110038 **साथ ही : सुश्री बिमला यादव**, मकान संख्या 175, गली संख्या 9, लिवासपुर गाँव, दिल्ली – 110042 **साथ ही : श्री ब्रह्म प्रकाश**, मकान संख्या 175, गली संख्या 9, लिवासपुर गाँव, दिल्ली – 110042 **साथ ही : सुश्री लक्ष्मी यादव**, प्लॉट संख्या 128, गली संख्या 10, लिवासपुर गाँव, समायपुर, दिल्ली – 110042 **साथ ही : श्री धर्मवीर यादव**, प्लॉट संख्या 128, गली संख्या 10, लिवासपुर गाँव, समायपुर, दिल्ली – 110042 **साथ ही : श्री जितेन्द्र मेहता एवं सुश्री इन्दु मेहता**, बी–9 / 26, डीएलएफ कुतुब एन्क्लेव कॉम्प्लेक्स, फेज–1, गंधरपुर, गुरुग्राम, हरियाणा – 122002 **साथ ही : श्रीमती संतोष पाण्डेय**, बी–4 / 128, सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली – 110029 **साथ ही : श्रीमती संतोष पाण्डेय**, ए–122, भूतल, सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली – 110029	खसरा नंबर 29 / 15(4–09) वाली संपत्ती, जो गांव लिवासपुर, तहसील अलीपुर, जिला उत्तर दिल्ली 110042 के रेवेन्यू एस्टेट में स्थित है, और जिसका भूमि क्षेत्रफल 1 बीघा 2 बिस्वा (1108.80 वर्ग गज) है। **मालिक: सुश्री बिमला यादव और श्री बरहम प्रकाश** मकान नंबर 175, गली नंबर 9 लिवासपुर गांव दिल्ली 110042 **और श्रीमती लक्ष्मी यादव एवं श्री धर्मवीर यादव** प्लॉट नंबर 128, स्ट्रीट नंबर 10 लिवासपुर गांव समयपुर दिल्ली 110042	E) 02.06.2021 F) रु. 26.68 करोड़ G) 28.12.2021 H) सांकेतिक	A) रु. 6.16 करोड़ B) रु. 0.616 करोड़ C) रु. 10.00 लाख	06.10.2026 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे	SA सं. 78 / 2020 ऋण वसूली अधिकरण–II (डीआरटी II) के समक्ष लंबित है / परंतु संपत्ति की बिक्री पर कोई स्थगन आदेश नहीं है।	श्री. सुनील कुमार दास 9437322902

ई–नीलामी बिक्री के संक्षिप्त नियम एवं शर्तें : बिक्री, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 में वर्णित नियमों एवं शर्तों के अधीन होगी। 1. नीलामी बिक्री 'ई–नीलामी' पोर्टल **https://baanknet.com** के माध्यम से ऑनलाइन होगी। (2) ई–नीलामी के लिए प्लेटफॉर्म (**https://baanknet.com**) ई–नीलामी सेवा प्रदाता मेसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड जिसका पंजीकृत कार्यालय यूनिट 1, तीसरी मंजिल, VIOS कमर्शियल टॉवर, वडाला ट्रक टर्मिनल के पास, वडाला ईस्ट मुंबई–400037 (हेल्पडेस्क नं. 91 8291220220), द्वारा प्रदान किया जाएगा। इच्छुक बोलीदाताओं / खरीदारों को ई–नीलामी सेवा प्रदाता की वेबसाइट **https://baanknet.com** पर ई–नीलामी प्रक्रिया में भाग लेना आवश्यक है। यह सेवा प्रदाता पोर्टल पर ई–नीलामी पर ऑनलाइन प्रदर्शन / प्रशिक्षण भी प्रदान करेगा। (3) बिक्री की सामान्य शर्तों और नियमों से युक्त बिक्री नोटिस निम्नलिखित वेबसाइटों / वेब पेज पोर्टल **(1) https://baanknet.com (2) www.pnbindia.in** पर उपलब्ध / प्रकाशित है। (4) सफल बोलीदाता द्वारा बैंक को बिक्री प्रक्रिया का मुनासिब आयकर अधिनियम 1961 की धारा 194–1ए के अंतर्गत टीडीएस के अधीन होगा तथा सफल बोलीदाता द्वारा बोली राशि का शेष 75% जमा करने / बोली राशि की पूर्ण जमा करने के समय ही टीडीएस का मुनासिब किया जाना है। (5) संपत्तियों को "जहां है जैसी है" और "जो है जैसी है" तथा "जो भी है जैसी है" के आधार पर बेचा जा रहा है। (6) उपरोक्त अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित परिसंपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। (7) सरफेसी अधिनियम की धारा 13(8) के तहत नोटिस, और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के सभी मामलों में जारी किया गया है, (8) बिक्री की विस्तृत शर्तों के लिए, कृपया **https://baanknet.com & www.pnbindia.in** देखें।

दिनांक : 17.09.2026, स्थान : नई दिल्ली
प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक